प्रेस नोट- थाना अल्हागंज

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक- 29.10.2026

पत्नी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त को थाना अल्हागंज पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार, घटना के बाद से फरार अभियुक्त को तलाश करते हुए पुलिस टीम ने दबिश देकर लिया हिरासत में।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी परशुरामपुरी के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना अल्हागंज के कुशल नेतृत्व में जनपद में गंभीर अपराधों की रोकथाम, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अल्हागंज पुलिस टीम द्वारा हत्या के गंभीर अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 28.10.2026 को ग्राम चौरसिया, थाना अल्हागंज, जनपद शाहजहाँपुर में एक महिला की उसके पति द्वारा कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। उक्त घटना के संबंध में मृतका के भाई द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना अल्हागंज पर मु०अ०सं० 219/2026 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। घटना में प्रयुक्त आला कत्ल कुल्हाड़ी को दिनांक 28.10.2026 को ही फील्ड यूनिट टीम द्वारा मौके पर मृतका के शव के पास से बरामद कर कब्जे पुलिस में लिया गया । घटना की गंभीरता को देखते हुए उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना अल्हागंज पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे । इसी क्रम में आज दिनांक 29.10.2026 को थाना अल्हागंज पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त ग्राम अहिवरन की मड़ैया के सामने हाईवे किनारे तिराहे पर सड़क स्थित सचिवालय के पास मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर अभियुक्त की घेराबंदी की गई तथा उसकी पहचान सुनिश्चित करते हुए अभियुक्त अवनीश पुत्र स्व० रामस्वरूप, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम चौरसिया, थाना अल्हागंज, जनपद शाहजहाँपुर को दिनांक 29.10.2026 को समय 13:00 बजे नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

अवनीश पुत्र स्व0 रामस्वरूप उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम चौरसिया थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0-219/2026 धारा 103(1) बीएनएस, थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर ।

गिरफ्तारी का दिनाँक,समय व स्थान का विवरणः-

अहिवरन की मडैया जाने वाली सड़क पर सचिवालय के पास, समय 13.00 बजे, दिनांक- 29.10.2026,

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 बृजकिशोर चाहर थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर।
3. हे0का0 धीरज सिंह थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 विपिन कुमार थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर।
5. का0 राहुल थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर।